(ख) यदि हां, तो इस गैर-कानूनी व्यवसाय के रूप में गत तीन वर्षों में कितनी लड़कियां विदेशों को भेजी गई हैं और इसे रोकने के लिए क्या कदम उठाये गए है ;

(ग) क्या अन्य राज्यों से भी ऐसे समाचार मिले हैं ; और

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) से (घ). सभी राज्य सरकारों (आसाम और महाराष्ट्र सरकार को छोड़कर) और संघ राज्य क्षेत्रों ने सूचित किया है कि उनके ध्यान में भारतीय लड़कियों को नौकरानियों के रूप में रोजगार देने के बहाने विदेशों को भेजे जाने की कोई घटना नहीं आई है। आसाम और महाराष्ट्र राज्य सरकारों से सूचना जब प्राप्त होगी, सदन के सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

Sword of Shivaji

9863. SHRI YAJNA DATT SHARMA.
SHRI K. N. PANDEY :
SHRI K. LAKKAPPA :
SHRI YASHPAL SINGH :

Will the Minister of EDUCATION AND YOUTH SERVICES be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 721 on the 13th December, 1968 and state :

(a) the success achieved by the Government of India and the Maharashtra Government in finding out the whereabouts of the Shivaji's Sword; and

(b) the parties or Govenment contacted in this regard ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EDUCATION AND YOUTH SERVICES (SHRIMATI JAHANARA JAIPAL SINGH) : (a) It has not been possible to ascertain the whereabouts of Shivaji's Sword. ;

(b) The British Museum, London and Government of Maharashtra were contacted in this regard.

भारतीय पुलिस सेवा

9864. **श्री ओम प्रकाश त्यागी** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इंगलिस्तान आदि जैसे देशों की पुलिस की तुलना में भारतीय पुलिस सेवा की भावना का कम अहसास है ;

(ख) क्या यह इसलिए है कि उन्हें प्रशिक्षण ब्रिटिश शासनकाल के ढंग के अनुसार दिया जाता है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार पुलिस के प्रशिक्षण की वर्तमान प्रणाली में सुधार करने का है ; और

(घ) यदि हां, तो क्या ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) से (घ). भारतीय पुलिस ने साधारणत: सेवा की भावना और कर्त्तव्यनिष्ठा से काम किया है। उनके प्रशिक्षण कार्यक्रम का समय-समय पर पुनरीक्षण किया जाता है और उसे सेवा की आवश्यकताओं के अनुकूल बनाने के लिए परिवर्तन किए जाते हैं।

भारतीय व्यापारिक नौवहन का विस्तार

9865. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
श्री नारायण स्वरूप शर्मा :
कुमारी कमला कुमारी :
श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :

क्या नौवहन तथा परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पश्चिमी जर्मनी की सरकार ने भारतीय व्यापारिक बेड़े के विस्तार